हिन्दुस्तान
मंगलवार, 15 अक्तूबर 2024
02
ehindustan.com

दो दिवसीय युवा महोत्सव अगले माह से शुरू होगा

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के जोनल युवा महोत्सव के आयोजन को लेकर सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में फैसला लिया गया कि युवा महोत्सव 10 से 12 नवंबर तक आयोजित होगा। बैठक में चार जिलों से 30 से अधिक कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान यूनिवर्सिटी के डीन छात्र कल्याण डॉ. रणदीप राणा, निदेशक छात्र कल्याण डॉ. प्रताप राठी मौजूद रहे। फरीदाबाद-झज्जर जोन का युवा महोत्सव इस बार बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में होना है। सोमवार को हुई बैठक में फरीदाबाद के अलावा पलवल, झज्जर व बहादुरगढ़ जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं व अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। युवा महोत्सव में बाहर से आने वाले महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं को तैयारी के लिए अलग-अलग कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे।

बैठक में निर्णायक और परिणाम संकलित समिति का गठन किया गया। समिति में डीएवी शताब्दी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अर्चना भाटिया, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनिधि सिंह और पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएस वशिष्ठ को शामिल किया गया। अब युवा महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक पांच नवंबर को होगी।

4 जिलों के कॉलेजों से पहुंचे प्रिंसिपल

यूथ फेस्टिवल के के लिए मंथन तेज़

अग्रवाल कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के लिए हुई पहली मीटिंग

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के जोनल यूथ फेस्टिवल के आयोजन को लेकर सोमवार को बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में मीटिंग हुई। इसमें फेस्टिवल की तारीख को लेकर फैसला लिया गया। यूथ फेस्टिवल 10 से 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ को यूथ फेस्टिवल के वेन्यू के रूप में फाइनल कर दिया गया है। सोमवार को हुई मीटिंग में चार जिलों से 30 से अधिक कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एमडी यूनिवर्सिटी की तरफ से डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. रणदीप राणा, डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. प्रताप राठी मौजूद रहे। अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

10 से 12 नवंबर तक होगा आयोजन, रिजल्ट को लेकर बनाई गई कमिटी

एमडीयू की तरफ से हर साल जोनल स्तर व उसके बाद यूनिवर्सिटी स्तर पर यूथ फेस्टिवल आयोजित कराया जाता है। फरीदाबाद-झज्जर जोन का यूथ फेस्टिवल इस बार बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में होगा। इसके लिए सोमवार को पहली मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में फरीदाबाद के साथ पलवल, झज्जर व बहादुरगढ़ जिले के कॉलेजों के प्रिंसिपल व अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मीटिंग में तय किया गया कि यूथ फेस्टिवल 10 से 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन की तरफ से फेस्टिवल के दौरान कॉलेज में अनुशासन बनाए रखने पर प्रतिबद्धता दिखाई। बाहर से आने वाले कॉलेजों के छात्रों को अपनी तैयारी के लिए अलग-अलग रूम उपलब्ध कराए जाएंगे। महिला कॉलेजों के लिए अलग रूम दिए जाएंगे। मीटिंग के दौरान ज्यूरी कमिटी व रिजल्ट कैपाइलिंग कमिटी का गठन किया गया। रिजल्ट कंपाइलिंग कमिटी में डीएवी शताब्दी कॉलेज, डिस्ट्रिक्ट हायर एजुकेशन ऑफिसर व राजकीय महिला कॉलेज की प्रिंसिपल और पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय कॉलेज के प्रिंसिपल को शामिल किया गया। फेस्टिवल के आयोजन को लेकर अब मीटिंग पांच नवंबर को होगी, जिसमें सभी टीम को उनके कोड दिए जाएंगे और इवेंट्स का सीक्वेंस तय किया जाएगा।